महत्वपूर्ण एवं खास

एनटीपीसी कंट्रोल रूम से कॉपर वायर चोरी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

कोरबा-रायपुर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू बी एस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ, सट्टा, आबकारी, नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के परिपालन में थाना प्रभारी दीपका प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही कि जा रही है। इसी क्रम में कंट्रोल रूम सीकरी से 150मीटर कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह पर कठोर कार्यवाही करने में दीपका पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। प्रार्थी राजन पिता वर्जिश निवासी सिचाई कॉलोनी रायपुर द्वारा थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 20/12/2024 की रात्रि को एनटीपीसी कंट्रोल रूम सीकरी लोडिंग पॉइंट से 150 मीटर कॉपर वायर को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है, उक्त रिपोर्ट को तत्काल संज्ञान में लेते हुए दीपका पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से चोरी के मशरूका को बरामद कर जप्त किया गया है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

आरक्षक की मौत, आईजी ने गठित की एसआईटी

राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)। पुलिस चौकी जालबांधा, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में पदस्थ आरक्षक अनिल कुमार रत्नाकर पिता चैतराम रत्नाकर का शव दिनांक 21.12.2024 को थाना लालबाग क्षेत्र के ग्राम रामपुर में पाये जाने पर थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में मर्ग क्रमांक 117/2024 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा द्वारा उक्त मर्ग की समुचित जांच हेतु देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मोहला-मानपुर-अं0चौकी के नेतृत्व में (01) अखिलेश कौशिक पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जिला कबीरधार, (02) निरीक्षक अश्विनी राठौर, थाना प्रभारी अम्बागढ़चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं0चौकी, (03) सउनि. द्वारिका प्रसाद लाउत्रे सायबर सेल जिला राजनांदगांव कुल चार अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठित किया गया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि उक्त टीम मामले के सभी पहलूओं पर बारीकी से जांच कर साक्ष्य संग्रह कर विधिवत् कार्यवाही करते हुए 10 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

नो-पार्किंग में खड़े वाहन चालकों से 19900 रुपए जुर्माना वसूल

दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)। आज दिनांक 22.12.2024 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन,अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 65 वाहनों पर कार्यवाही कर 19,900 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 01, तीन सवारी में 26, बिना कागजात के 14,नो पार्किंग में 03 यातायात नियमों का उल्लंघन में 09, वाहनो में रिफलेक्टर नही 03 एवं बिना नंबर में 09 वाहनों में कार्यवाही किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, तीन सवारी न चलें यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। मोन्टफोर्ट स्कूल के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पूरनदास बारले 40 वर्ष ग्राम भेलवाडीह का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी मोन्टफोर्ट स्कूल के पास क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 बीएन 4433 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे पूरनदास की मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

रायपुर (आरएनएस)। शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मौलीपारा तेलीबांधा निवासी 33 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी यशवंत कुमार निर्मलकर 27 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर व उसके बच्चे का पालन पोषण करने की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

संत बाबा गुरु घासीदास ने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है : उप मुख्यमंत्री

- उप मुख्यमंत्री ने ग्राम नेवारी में सडक़ निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और महतारी सदन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की
- उप मुख्यमंत्री ने ग्राम घोटिया, नेवारी और महाराजपुर में संत गुरु घासीदास मंदिर में फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की

कवर्धा-रायपुर | आरएनएस

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम घोटिया, नेवारी और ग्राम महाराजपुर में संत गुरू घासीदास मंदिर और जैतखाम में फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। उन्होंने संत गुरू बाबा घासीदास का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और सभी का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने ग्राम नेवारी में सडक़ निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और स्व सहायता समूह की दीदियों के महतारी सदन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, विदेशी

राम धुर्वे, कैलाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। उन्होंने घासीदास के संदेश के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गांव के विकास कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके लिए गांव में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य ग्रामीणों की भागीदारी से पूरे किए जाएं, ताकि स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं का ख्याल रखा जा सके। उन्होंने बताया कि नए सरकार बनने के बाद ग्राम नेवारी में 65 आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही 95 और आवास स्वीकृत किए जाएंगे, जिससे गांव के लोगों को पक्के मकान का सपना पूरा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि गांव में 2 लाख रुपया रंगमंच निर्माण के लिए, 51 लाख 24 हजार रूपए मिनी स्टेडियम के निर्माण के, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख, मध्याह्न भोजन के लिए 5 लाख, सी सी रोड के लिए 20 लाख रुपया, और आंगनबाड़ी भवन के लिए 8 लाख रुपया विकास के लिए स्वीकृत किया गया है।

शासकीय मदिरा दुकान में 36 लाख का शराब गबन, चार कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद | आरएनएस

जिले के आबकारी विभाग ने शराब में मिलावट और लाखों के गबन के मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। ताजा मामला महासमुंद नगर स्थित शासकीय प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान का है, जहां जांच में 36 लाख 90 हजार 790 रुपए के शराब गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में दुकान संचालित कर रहे ईगल हण्टर सोल्यूशन लिमिटेड के चार कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

आबकारी विभाग के सहायक अधिकारी दीपक ठाकुर ने 17 दिसंबर 2024 को प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान का निरीक्षण किया, जहां जांच में एक व्हिस्की की पेटी मिली, लेकिन 14 और 15 दिसंबर को विक्रय शून्य पाया गया। स्टाक पंजी में शराब की 373 बोतलें दर्शाई गईं, लेकिन दुकान में केवल 136 बोतलें मिलीं। जांच में यह भी सामने आया कि 1 अप्रैल 2024 से 19 दिसंबर 2024 तक 36 लाख 90 हजार 790 रुपए का शराब का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला और न ही इस पैसे का बैंक में कोई लेन-देन हुआ था।

दुकान में यह भी पता चला कि ब्रांडेड शराब की बोतलें पेटियों में सही मात्रा में नहीं थीं—ऊपर रखी पेटियों में 12 बोतलें थीं, जबकि नीचे रखी पेटियों में केवल 3 या 4 बोतलें थीं। दुकान में प्रतिदिन 1.25 से 1.50 लाख रुपए की सेल होती थी, लेकिन कर्मचारी शराब की बिक्री के पैसों को आपस में बांट लेते थे, जबकि ऑडिटर के आने पर वे शराब की बोतलों की फोटो खींचकर दिखाते थे और भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता था। आबकारी विभाग ने जांच के बाद ईगल हण्टर सोल्यूशन लिमिटेड के मुख्य विक्रेता अमित राय, विक्रेता गौरीशंकर सेन, विक्रेता तुकेश दीवान और मल्टीपर्पज वर्कर लक्ष्मी नारायण साहू के खिलाफ आरोप पत्र देकर विभागीय प्रकरण दर्ज किया है। इसके साथ ही कोतवाली थाना में गबन और धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि एक कर्मचारी फरार है।

घर घुसकर जानलेवा हमला, 6 गिरफ्तार

भाटापारा-रायपुर | आरएनएस

21.12.2024 को प्रार्थी ईश्वर बंजारे द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.12.2024 को आरोपियान जबरदस्ती मेरे चाचा के घर अंदर घुस आए एवं अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा एवं हाथ मुक्का से मेरे परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट किए हैं, कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 565/2024 धारा 191(3), 190(3),333,296,351(2),115(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में

शामिल 06 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी के चाचा के घर अंदर घुसकर, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में सभी 06 आरोपियों को आज दिनांक 21.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम -

1. करण खूंटे उर्फ सोनू खूंटे उम्र 29 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
2. जसवंत खूंटे उम्र 22 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
3. जुनैद खान उर्फ डैनी उम्र 29 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
4. राम अवतार डहरिया उम्र 40 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
5. हरीश जोशी उम्र 22 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
6. शिवकुमार शास्त्री उम्र 35 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

5.700 किलोग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण मे अपराधो एवं नशे के कारोबारी पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा जैसे मादक पदार्थ को बिक्री करने के लिए रखे आरोपी को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त हुई। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि:- दिनांक 22.12.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि खो खो तालाब पार रामायण नगर में एक लडक़ा उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष,इकहरा बदन, काला हरा चेक फूल बांह कमीज, काला फूल पेंट पहना हुआ है जो अपने पास नीले रंग के बोरी में अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ रखकर बिक्री करने के लिए खड़ा है है। कि सुचना पर तत्काल वरिष्ठ कार्यालय को सुचना देकर गवाहो एवं सम्पूर्ण विवेचना कीट के रेड कार्यवाही हेतू घटना स्थल पर पहूंचा जहां मुखबिर द्वारा बताए व्यक्ति खड़ा था आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किए किंतु पुलिस के तत्परता से भागने में असफल रहे। तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से गांजा जैसे मादक पदार्थ कुल 05 किलो 700 ग्राम कीमती 57,000 रुपए रखा पाया गया। आरोपी को विधिवत दिनांक 22.12.2024 गिरप्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

48 लाख से संवरेगी मुक्त नगर की तस्वीर, महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

दुर्ग-रायपुर | आरएनएस

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ओल्ड आदर्श नगर क्षेत्र वार्ड 43 के नागरिकों को जल्द जर्जर सडक़ से निजात मिलने वाली है। विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव व एमआईसी सदस्य पार्षद दीपक साहू ने वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में दो स्थान पर 48 लाख 59 हज़ार की लागत होने वाले सडक़ सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। पार्षद दीपक साहू एवं वार्ड के नागरिकों की मांग के अनुरूप शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों पर भूमिपूजन किया गया।वार्ड के सडक़ व नाली को दुरुस्त करने की मांग की गई थी।जिसे भूमिपूजन कर आज पूरी की गई।सडक़ सीमेंटीकरण होने से आवागमन में सहूलियत के साथ ही बारिश के दिनों में कीचड़ से निजात मिलेगी।

बता दे कि वार्ड क. 43 मनोज सिह के घर से अजय मिश्रा के घर तक एवं छत्तीसगढ़ आंगन के पास अन्य गलियों में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य लागत 18 लाख की राशि से निर्माण होगा । 15वें वित्त से मुक्त नगर सहगल आटो वर्मा घर से लेकर इलेक्ट्रिकल तक एवं दिल्लीवार तक नाला निर्माण कार्य।जिसकी लागत 30 लाख 59 हज़ार से बनाया जाएगा नाली।जानकारी के मुताबिक दोनो निर्माण कार्य सडक़/नाली निर्माण कुल लागत 48 लाख 59 हज़ार है। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने विधायक/महापौर को निर्माण कार्य की भूमिपूजन किये जाने पर उन्हें धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने मौके पर मौजूद असफरो व निर्माण एजेंसी को सडक़ एवं नाली निर्माण कार्य में पानी न रुके ऐसी ढलान और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर सभापति राजेश यादव,पार्षद दीपक साहू, काशीराम कोसरे,मनीष साहू कुलेश्वर साहू,कमल देवांगन,विनायक नातू,उपअभियंता करण यादव,उपअभियंता प्रेरणा दुबे,अनिकेत यादव के अलावा भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित ग्रामों में पुलिस ने कराया क्रिकेट स्पर्धा

धमतरी-रायपुर | आरएनएस

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत धमतरी पुलिस,थाना नगरी द्वारा नक्सल प्रभावित ग्राम खुदुरपानी में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमें थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों के ग्राम चारगांव,ग्राम मटियाबहरा, ग्राम खुदुरपानी,ग्राम भैसामुड़ा के कुल 04 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें फायनल मैच ग्राम मटियाबहरा एवं खुदुरपानी के टीमों मध्य खेला गया। जिसमें ग्राम खुदुरपानी की टीम प्रथम रही और खुदुरपानी की टीम को 1501/- रुपये एवं द्वितीय पुरूस्कार ग्राम मटियाबहरा की टीम को द्वितीय ईनाम 1000/- रुपये,शिल्ड ट्राफी एवं सभी खिलाडिय़ो को वितरण किया गया। एवं प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत ठंड के मौसम को देखते हुए आस पास से आये बुजुर्ग ग्रामीण पुरुष एवं महिलाओं को कंबल एवं स्वेटर वितरण किया गया एवं वहां उपस्थित बच्चों को कापी पेन वितरण किया गया। पुलिस अधीक्षक धमतरी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने बेसिक पुलिसिंग के साथ-साथ सामुदायिक पुलिसिंग किये जाने के भी निर्देश दिये गए हैं। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय,थाना प्रभारी नगरी निरी. शरद ताम्रकार एवं थाना नगरी स्टॉफ सहित खुदुरपानी के ग्राम वासी एवं आस पास के ग्रामीण सहित युवा अधिक संख्या में उपस्थित थे।

वन विभाग के हत्थे चढ़े 5 शिकारी, हाथी दांत भी बरामद

गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)। शिकारियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ वन विभाग और ओडिशा फॉरेस्ट डिपार्मटमें ने ज्वाइंट ऑपरेशन में पांच तस्करों को दबोचा है। पकड़े गए तस्करों के पास से टीम ने दो नग हाथी दांत बरामद किए हैं। पकड़े गए तस्करों से वन विभाग की टीम पूछताछ कर रही है। वन विभाग को शक है कि पकड़े गए तस्कर जंगली जानवरों के शिकार में भी शामिल हो सकते हैं। तस्करों को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अफसर और ओडिशा वन विभाग की टीम के कर्मचारियों ने पकड़ा है। ज्वाइंट ऑपरेशन में टीम ने गरियाबंद से सटे ओडिशा के मुनिगुड़ा रायगड़ा वन परिक्षेत्र में छापेमारी की। तीन वन मंडलों की टीम की कार्रवाई में पांचों तस्कर गिरफ्तार हुए। पकड़े गए लोगों की तलाशी के दौरान उनके पास से हाथी के दांत मिले हैं। बीते दिनों पोटाश बम से गरियाबंद में हाथी की मौत की खबर आई थी। वन विभाग की टीम हाथी मौत के बाद शिकारियों की पड़ताल में जुटी थी। उसी कड़ी में वन विभाग को ये खबर मिली की ओडिशा में हाथी दांत के साथ कुछ शिकारी एक्टिव है। गरियाबंद में पोटाश बम से हुई हाथी के बच्चे की मौत के केस में वन विभाग ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

बस्तर कलेक्टर ने ग्राम तालुर में महतारी वंदन योजना में अनियमितता की जांच करने के दिए निर्देश

- महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने दोषी व्यक्ति के खिलाफ करवाई प्राथमिकी दर्ज

बस्तर-रायपुर | आरएनएस

बस्तर कलेक्टर हरिस एस ने महतारी वंदन योजना में ग्राम तालुर से संबंधित अनियमितता की जांच महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारियों को करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित के बैंक खाते को सीजकर वसूली की कार्यवाही करने तथा इस कार्य में संलग्न व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने रविवार को संबंधितों पर आवश्यक कार्यवाही भी की है। बस्तर के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मीडिया में दिखाया जा रहा समाचार महतारी वंदन योजना में सनी लियोन को मिल रहे हजार रुपए की शिकायत प्राप्त हुई जिसकी प्रारंभिक जांच से पता चला की उक्त आवेदन ग्राम तालूर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वेदमती जोशी की आईडी से रजिस्टर्ड हुआ है। मामले की जांच किए जाने पर पता चला की वीरेंद्र जोशी नामक व्यक्ति द्वारा जालसाजी कर अवैधानिक तरीके से राशि का आहरण अपने खाते में किया जा रहा है। संबंधित के विरुद्ध शासन के साथ धोखाधड़ी करने के अपराध में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। उसके बैंक खाते को होल्डकर वसूली की भी कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा संबंधित कार्यकर्ता और तत्कालीन पर्यवेक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU